फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय नि0 Q-3 गोविन्दनगर हाऊसिंग बोर्ड, धोईन्दा जिला राजसमन्द
– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 111/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 07.01..2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांकः एफ.1( )सू0अ0,05/प्र.अपील 111/2024/7094 दिनांक 30.12.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलार्थी का आवेदन आरटीआई ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 16.11.2024 को प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना बिन्दु संख्या 01 से 05 तक की सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्रांक 7052 दिनांक 12.12.2024 से प्रार्थी को ऑनलाईन आवेदन संख्या 244232025058322 में अपलोड कर सूचित किया गया। अतः प्रार्थी को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 2(च), 2(झ), 2(ञ) में अभिप्रेत सूचना ही देने के प्रावधान है। वांछित सूचना, विशिष्टिविहीन होने से अधिनियम की धारा 6(1)(बी) के अनुसार चाही गई सूचना में विशिष्टिया अंकित करना व सूचना से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अपेक्षित है। अधिनियमानुसार सामग्री से निष्कर्ष निकाल कर, तथ्यों को खोजकर उपलब्ध कराना प्रावधानों के तहत प्रावधित नही है एवं चाही गई सूचना आरटीआई की धारा 7(9) के तहत वर्जन है, इस संबंध में प्रार्थी को ऑनलाईन क्रमांक 1437933239 से अपलोड कर सूचित किया गया। अपीलार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र वास्ते चाही गई सूचना दिलवाने बाबत् पेश किया। जो शामिल मिसल है। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक	

न्यायालय जिला कलक्टर

सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना बिन्दु संख्या 01 से 05 के संबंध में कार्यालय के पत्रांक 7052 दिनांक 12.12.2024 से प्रार्थी को ऑनलाईन आवेदन संख्या 244232025058322 तथा ऑनलाईन क्रमांक 1437933239 से अपलोड कर सूचित किये जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

7/1/25

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)